हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 29 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

# KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NIRF RANKING 2025
Ranked in the Top 101-150 Universities
NAAC Accredited
UGC & AICTE Approved
600+ International Students from 33 Countries
130+ Career-Focused Programs
400+ Recruitment Partners
1200+ Internships Offered
Highest Package: INR 29 LPA

## Faculty of Information Technology & Computer Science

# Turn Your Passion for Tech Into a **High-Growth Career.**

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

**Undergraduate**
- **BCA in Artificial Intelligence & Machine Learning**
- **B.CS in AI & ML and Cybersecurity**
- **Bachelor of Animation & VFX**

**Postgraduate**
- **MCA** • **M.CS in AI & ML and Cybersecurity**
- **Master of Data Science** • **PGDCA**
- **Master of Animation & VFX**

**Diploma**
- **Diploma in Computer Applications (DCA)**

**New-Age Specialisations**
- **BCA in Game Development with AI** in collaboration with Hi TECH ANIMATION

**Powered by Industry Experts**
- **In Collaboration with IBM Innovation Centre for Education**
- **Industry-designed AI & ML curriculum**
- **Practical learning with advanced labs**

**7 Centres of Excellence** (For Practical & Applied Learning)

| TechnoViz Automation | Godawari eblu | IBM Innovation Centre for Education | JustAuto | BDS Education | Proud to say I am SME of India | BOSCH |
|---|---|---|---|---|---|---|
| for Industrial Internet of Things (IIoT) | for Research and Training on Electric Vehicles | for B.Tech CS in AI & ML | for Repair & Monitor of Maintenance of Vehicles | for Robotics, Coding, and Drones | for Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME) | for Bridge Courses |

**Research & Advanced Infrastructure :**
- 90+ Advanced Laboratories (SIRO Recognised by the Govt. of India)
- Exclusive Central Instrumentation Facility (CIF) (High-end research equipment)

**Startup Ecosystem :**
- Kalinga Incubation Foundation (KIF) • 7 Functional Startups on campus
- Your startup journey starts with our mentorship



*Everything you need to build a successful tech career. All in one place.*

**Top Recruiters**
Infosys | Wipro | Oracle | Capgemini | TCS | Accenture | Bosch | Godawari | Adani | Biocon

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Apply through Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**


swarnimaera@gmail.com
www.swarnimaera.com
Follow us
SWARNIMA ERA
Add more to life
हर उम्र के लिए सुकून, हर पल एक उत्सव
ज़िन्दगी में कुछ अच्छा जोड़िये। सेहत, सुकून, शांति से जुड़िए।
कुछ कहती है प्रकृति
स्वर्णिमा एरा टाउनशिप में "Nature Theme" पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता
रविवार, 29 मार्च 2026
समय: शाम 4:30 बजे
सपरिवार पधारें
एक शानदार जीवन के लिए thoughtfully designed गार्डन अमेनिटीज़
चिल्ड्रन प्ले एरिया
बच्चों के लिए बाहरी खेल उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। यह शारीरिक मजबूती, मानसिक रचनात्मकता, बेहतर नींद और सामाजिक कौशल को बढ़ावा देते हैं। बाहर खेलने से बच्चों में आत्मविश्वास, प्रकृति के प्रति प्रेम, मोटापा कम होने और इम्युनिटी मजबूत होने जैसे फायदे मिलते हैं।
जॉगिंग ट्रैक / पाथवे एन्ड ओपन जिम
सुबह की वॉक हो या खुले आसमान के नीचे वर्कआउट, यह स्पेस आपके शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने में मदद करती है। नियमित एक्सरसाइज़ से फिटनेस बेहतर होती है, स्टैमिना बढ़ता है और दिनभर एनर्जी बनी रहती है, साथ ही आपको मिलता है सुकून और सकारात्मकता का एहसास।
वाटरफॉल्स एन्ड गार्डन फॉउन्टेंस
प्रकृति के झरनों जैसा अनुभव देने वाले वॉटरफॉल्स और गार्डन फॉउन्टेंस हर पल को खास बना देते हैं। शांतिपूर्ण वातावरण, बहते पानी की मधुर आवाज मानसिक शांति देती है और बाहरी शोर-शराबे को दबाकर सुकून भरा वातावरण बनाती है। यह पक्षियों को आकर्षित करने, प्राकृतिक नमी बनाए रखने और वास्तु के अनुसार सकारात्मक ऊर्जा लाने में सहायक होती है।
नाइट लाइट एम्बियंस
रात के समय सजी खूबसूरत लाइटिंग पूरे गार्डन को एक जादुई माहौल में बदल देती है, जहां हर कोना सॉफ्ट रोशनी में नहाया हुआ नजर आता है। हल्की-हल्की जगमगाहट, पेड़ों और पाथवे पर पड़ती रोशनी, और शांत वातावरण मिलकर एक बेहद सुकूनभरा अनुभव देते हैं। यह एम्बियंस आपकी शामों को सिर्फ यादगार ही नहीं, बल्कि खास बना देता है
2, 3 & 4 BHK
Stylish Independent Bungalows
30+ MODERN
Lifestyle Amenities
बहते पानी की मधुर आवाज मन को शांति देती है और तनाव को कम करती है। खुले गार्डन्स और नेचुरल स्पेस शरीर को फिट और एक्टिव बनाए रखते हैं। यह वातावरण बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और बेहतर विकास को बढ़ावा देता है।
- प्रकृति एवं हरियाली पर शोध के अनुसार
"जबसे मैंने स्वर्णिमा एरा में घर लिया है, हमारी पूरी फैमिली यहां की हरियाली को एंजॉय कर रही है। यहां हम गार्डन्स में समय बिताते हैं, ग्रीन लैंडस्केप्स में वॉक करना, सुबह ओपन जिम का उपयोग करना, और रात में वॉटरफॉल्स के बीच बैठकर बातचीत करना, ये सब हमारे मन को सुकून और शांति देता है। साथ ही, हमें बहुत स्ट्रेस-फ्री महसूस होता है।"
कमलेश कुमार गुप्ता, हाउस नं.- D2/166, स्वर्णिमा एरा
Conceptualized By AdPRAYAS
REGISTER YOUR INTEREST NOW
Scan this QR code for Location
Site address:
SWARNIMA ERA,
BESIDE GEETANJALI CITY
PHASE 2, BAHTARAI ROAD,
BILASPUR (C.G.)
For more info
97557 93333, 97552 93333
Rera no.
PCGRERA250221001201
www.rera.cgstate.gov.in

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 29 मार्च 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

दो दिव्य आत्माओं का संगम है राम-सीता मिलन : डॉ. हरिवंश
6



## खबर संक्षेप

### सुपोषित ग्राम पंचायत पुरस्कारः 2 अप्रैल को करेंगे पुरस्कृत

**जांजगीर-चांपा।** सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिले की तीन ग्राम पंचायतों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान हेतु किया गया है। अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर 2024 को शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य देश को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए जमीनी स्तर पर पोषण एवं स्वास्थ्य में सुधार लाना है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों को कुपोषण के खिलाफ सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कुपोषण में कमी लाना है। जिला जांजगीर-चांपा से परियोजना बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत हथनेवरा एवं सोनादह तथा परियोजना जांजगीर अंतर्गत ग्राम पंचायत दर्री का चयन किया गया है। चयनित पंचायतों को 2 अप्रैल को भारत मंडपम में आयोजित सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच व पंच एवं एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### कक्षा 12वीं उत्तीर्ण के लिए आवेदन 30 अप्रैल तक आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2025-26 में विषय गणित एवं विज्ञान के साथ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्र छात्राओं एवं वर्तमान में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए ड्रापर बैच हेतु राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में की निःशुल्क तैयारी के लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी आकांक्षा कार्यक्रम ने बताया कि आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र सीधे आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा में जमा किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय के वेबसाईट से ऑनलाईन जमा किया जा सकता है। आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत अध्ययन हेतु इच्छुक छात्र-छात्रायें नियम एवं शर्तों तथा आवेदन पत्र से संबंधित जानकारी के लिए जिले के वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना प्राक्चयन परीक्षा के लिए आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु तैयारी करायी जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि वर्ष 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 17 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसी प्रकार आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार हेतु 18 अप्रैल से 21 अप्रैल तक, जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक, प्रवेश पत्र डाउनलोड की तिथि 1 मई से 9 मई तक एवं प्राक्चयन परीक्षा की तिथि 10 मई को निर्धारित की गई है।

### मुख्यमंत्री कुटराबोड़ में आरटीई के तहत आवेदन पत्र आज तक

**जांजगीर-चांपा।** जिले में ई.बी.बी. विकास खण्डों में पी.पी. मोड से मुख्यमंत्री डी.ए.व्ही. पब्लिक स्कूल कुटराबोड़ पामगढ़ में संचालित हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री डी.ए.व्ही पब्लिक स्कूल कुटराबोड़ में निःशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत आर.टी.ई. पोर्टल के माध्यम से नर्सरी कक्षा के लिये ऑनलाईन आवेदन एवं केजी-01 के लिये आवेदन आमंत्रित किया गया है।

## शोपीस बने घरों में लगे नल कनेक्शन, कुंभकर्णीय निद्रा में विभाग

# कौड़ी काम की नहीं जल जीवन मिशन की टंकी, गांवों में गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर चांपा जिले में जल जीवन मिशन का बुरा हाल है। यहां 4 साल बाद भी टंकी से पानी की सप्लाई दुरुस्त नहीं हो सकी है। स्थिति यह है कि सवा चार सौ गांवों में से ले देकर 83 गांव में पानी सप्लाई का दावा किया जा रहा है, जबकि बाकी के 75 फ़ीसदी गांव में योजना आधी अधूरी है। गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की समस्या बढ़ने लगी है। जिले में 424 गांव में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत टंकी बनाकर हर घर पानी सप्लाई करने की योजना 4 साल पहले प्रारंभ की गई थी, लेकिन योजना का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक जिले की 83 गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी सप्लाई जैसे तैसे हो रही है, जबकि बाकी के गांव में इस योजना का काम पूरा नहीं हो सका है। कहीं पाइपलाइन का काम अधूरा है तो कहीं पाइपलाइन बिछाने और टंकी निर्माण करने के बाद जल स्त्रोत नहीं मिल रहा है। ऐसे में टंकी शो पीस बनकर रह गई है और ग्रामीणों को पेय जल के लिए हलाकान होना पड़ रहा है। बलौदा ब्लाक के ग्राम पंचायत जाटा में इस योजना के तहत बनी टंकी से महज तीन दिन ही घरों में पानी पहुंचा। इसके बाद ऐसी खराबी आई कि आज तक पानी सप्लाई नहीं हो रही है। इसी प्रकार बहेराडीह में टंकी निर्माण करके पाइपलाइन बिछा दी गई है, लेकिन जल स्त्रोत नहीं मिल रहा है। यहां एक-एक करके छह बोर उत्खनन कराया गया है,लेकिन कहीं पानी नहीं मिला। कोसमंदा, बालपुर, महुदा, उच्चभीट्ठी में भी योजना के तहत बनी टंकी किसी काम की नहीं हैं।यही स्थिति जिले के नवागढ़ पामगढ़ अकलतरा और बम्हनीडीह ब्लॉक के गांव में भी है। अब गर्मी में वाटर लेवल डाउन होने से ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट गहराने लगा है।


बहेराडीह की सूखी पानी टंकी।

### ली जाएगी जानकारी

जल जीवन मिशन के तहत लोगों के घरों तक साफ पानी पहुंचने का काम किया गया है जिन स्थानों पर पानी नहीं पहुंच पा रहा है ऐसी जगह की जानकारी लेकर व्यवस्था बनाई जाएगी।

-आदित्य प्रकाश
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

### महानदी के तटवर्ती गांवों में भी पानी की किल्लत, ग्रामीण परेशान

**तनौद।** महानदी के तटवर्ती ग्राम तनौद सहित आसपास के आधा दर्जन गांवों में पेयजल संकट गहरा गया है। खास बात यह है कि जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों की लागत से पानी टंकी बनाई गई है और पाईप लाइन बिछाकर घर घर नल कनेक्शन दिए गए है, लेकिन जल जीवन मिशन के नल हवा उगल रहे है। जिले के पामगढ़ ब्लांक अन्तर्गत देवरी ,खोरसी, तनौद देवरघटा कमरीद व ग्राम पंचायत तनौद लगभग छः हजार आबादी से यहां जल संकट में भूजल स्तर अत्यधिक नीचे गिरने के कारण ग्राम वासियों को पानी के लिए भीषण संकट का सामना करना पड़ रहा है। तनौद में पेयजल संकट चरम पर है। एक ओर जहां गांव में लगे अधिकांश हैण्डपंपों के हलक सूख गए है, तो वहीं जल जीवन मिशन के तहत घर घर लगाए गए नल से सिर्फ हवा निकल रहा है। सरपंच रंजनी महावीर ने बताया कि पीएची के नल जल योजना के ठेकेदार को पानी सप्लाई करने हेतु कई बार कहा गया है, लेकिन ध्यान नहीं दे रहे है। पंचायत द्वारा अपने स्तर पर हैण्डपंपों का सुधार कराया जा रहा है लेकिन भू जल स्तर में गिरावट के चलते पानी की कमी हो रही है। इसके अलावा गांव में निस्तारी तालाब का जल स्तर भी घटने लगा है। जिसके कारण कुछ जगहों पर निस्तारी की समस्या भी आ रही है।



अनिश्चितकालीन आंदोलन में बैठे नाविक।

# जब्त नाव को वापस पाने नाविकों की भूख हड़ताल

## टेंपल सिटी शिवरीनारायण में चल रहा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

टेंपल सिटी शिवरीनारायण में नाविकों की भूख हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। वे जब्त नावों को वापस दिलाने और बिना किसी बाधा के नाव संचालन करने सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे है।

गौरतलब है कि शिवरीनारायण महानदी में नौका विहार मनोरंजन का एक प्रमुख माध्यम बन गया है। इसको लेकर यहां खास करके गर्मी के दिनों में लोगों की भीड़ पहुंच रही है। नाव का संचालन कर नाविक जीविकोपार्जन करते है। इधर नाविकों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दरअसल पिछले दिनों अफसरों द्वारा उनके कुछ नावों की जब्ती बनाई गई थी, जिसे वापस करने की मांग को लेकर नाविकों ने गुरूवार 26 मार्च से अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है। नगर पंचायत कार्यालय के सामने नाविक अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे है। नाविकों के आंदोलन को कांग्रेस ने भी अपना समर्थन दिया है। पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश भी धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दे चुकी है। आंदोलनकारी नाविकों का आरोप है कि उनकी नावों को नगर पंचायत द्वारा बेवजह जब्त कर लिया गया है। नाव जब्त होने से उनके सामने रोजी रोटी की समस्या खड़ी हो गई है। नाविकों ने बताया कि 9 मार्च को नगर पंचायत द्वारा उनकी नावों को जब्त किया गया था, जिसे वापस नहीं किया जा रहा है। नाविकों का कहना है जब तक मांगे पूरी नही होंगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। अनिश्चित कालीन क्रमिक भूख हड़ताल प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक चल रहा है। नाविकों का आरोप है कि पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करते हुए नावों की जब्ती की गई है। एसडीएम को भी ज्ञापन सौंपा जा चुका है।

### नहीं मान रहे बात : सीएमओ

इस संबंध में नगर पंचायत शिवरीनारायण के सीएमओ केएल निर्मलकर का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा पिछले दिनों नाविकों का पंजीयन किया गया था, जो नियमानुसार नाव चला रहे है। अभी जो आंदोलन कर रहे है वे नए नाविक है। इनका जो नाव और बोट जब्त हुआ है, वह प्रतिबंधित है। आंदोलनकारियों को अपना नाव और बोट ले जाने और पंजीकृत समिति के साथ मिलकर नियमानुसार नाव संचालन करने कहा गया है, लेकिन वे इस बात को नहीं मान रहे है।

# बाइक की आपस में भिड़ंत दो युवक की मौत


हादसे के बाद सड़क पर पड़ी बाइक तथा युवक की लाश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दो मोटरसायकल की आमने सामने से टक्कर हो गई। भिडंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक में सवार दो युवकों की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल हुए। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम दुरपा की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिला के ग्राम हरेठी का रहने वाला 35 वर्षीय मनोज केवट एक बच्चे को बाइक में बैठाकर रिश्तेदार के यहां आ रहा था। वही नकटीडीह निवासी 20 वर्षीय पीयूष कुमार अपने बाइक में एक बालक को बैठकर पास के गांव करन्नौद घूमने जाने निकला था। रास्ते में ग्राम दुरपा में तेज रफ्तार बाइक की आमने सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि दोनों बाइक के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ वही बाइक से सभी छिटक कर दूर जा गिरे। दोनों बाइक चालक मनोज और पीयूष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही बाइक के पीछे बैठे दोनों बच्चों को मामूली चोट आई है। जिन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची दोनो मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। शिवरीनारायण पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### मुख्य मार्ग पर तलवार लहराकर दहशत बनाने वाला गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ थाना क्षेत्र के ससहा मेन रोड में तलवार लहराकर दहशत बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार तलवार को बरामद किया गया है। पामगढ़ पुलिस को 28 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम ससहा मेन रोड मे एक व्यक्ति लोहे का धारदार तलवार को लहराकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है। सूचना पर थाना पामगढ पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी ससहा निवासी गुरूदेव निषाद को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से लोहे का धारदार तलवार को बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबध कर आरोपी को न्यायिक रिमांण्ड पर भेज दिया है।

### बंद फाटक में पसीना बहाने की मजबूरी...


**जांजगीर-चांपा।** नैला रेलवे फाटक पर ओव्हरब्रिज की मांग लंबे समय से की जा रही है। कई आंदोलन भी इसके लिए हो चुके है। फाटक बंद होने पर लंबे समय तक लोग जाम में फंसते है। अब गर्मी के मौसम में बंद फाटक को पार करने लोगों को पसीना बहाना मजबूरी हो गई है।

### कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी चढा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** अवैध महुआ शराब के साथ सक्ती रेंज की आबकारी पुलिस ने देवरमाल में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है। आबकारी वृत्त सक्ती को मुखबिर से सूचना मिली कि देवरमाल निवासी शराब विक्रेता तिलेश्वर चौहान पिता चमार सिंह के द्वारा अपने घर में महुआ शराब को विक्रय करने के लिए रखा है। टीम ने तिलेश्वर चौहान के घर दबिश देकर 1 पीले प्लास्टिक जरिकेन में भरा 5 लीटर और 1 हरी प्लास्टिक बोतल में भरा 2 लीटर कुल 7 लीटर महुआ शराब बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर आरोपी को जेल निरुद्ध किया गया।

## अनाचार का फरार आरोपी नोएडा से गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** अनाचार करने के मामले में आरोपी को नोएडा से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला जांजगीर थाना अंतर्गत ग्राम पिसौद का है।

मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर थाना अंतर्गत ग्राम पिसौद निवासी अजय कुमार यादव उम्र 25 वर्ष द्वारा पीड़िता को बहला फुसलाकर 28 दिसबर 2025 की रात्रि में भगा ले गया था। मामले में जांजगीर पुलिस ने अपराध कायम किया। अपहरण के मामले की गंभीरता को देखते हुए जांजगीर पुलिस द्वारा आरोपी एवं अपहता की लगातार पातासाजी की जा रही थी इसी कड़ी में दिल्ली नोएडा में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल जाकर आरोपी अजय यादव के कब्जे से सकुशल बरामद किया गया । आरोपी से पूछताछ करने पर अपहता को बहला फुसलाकर, शादी करने का झांसा देकर भगा ले जाकर अनाचार करना जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार किया न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग में समीर ने जीता गोल्ड मैडल


कला का प्रदर्शन करते पावर लिफ्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ राज्य विद्युत मंडल कंपनी द्वारा मड़वा में पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के समीर शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल हासिल किया।

छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपने दमदार प्रदर्शन से प्रदेश का नाम रोशन किया है। जांजगीर के समीर शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी द्वारा मड़वा प्लांट में आयोजित की गई थी, जिसमें देश-विदेश के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। समीर शुक्ला ने पावरलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही बॉडीबिल्डिंग में कांस्य पदक भी अपने नाम किया। उनके शानदार प्रदर्शन के चलते अब उनका चयन आगामी अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। उल्लेखनीय है कि जिले के कई युवा इन दिनों वैट लिफटिंग और पॉवर लिफिटंग में बेहतर प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। हाल ही में श्रीलंका में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम ने कुल 5 मेडल जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि के लिए शानू रॉय और सूर्यभान कुमार को छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी द्वारा सम्मानित किया गया।

## हाई स्कूल मैदान जांजगीर में होगा प्रतियोगिता का आयोजन

# कर्मचारी-अधिकारी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट एक अप्रैल से, 32 टीमें लेंगी हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "कर्मचारी-अधिकारी प्रीमियर लीग 2026" का आयोजन 1 अप्रैल से किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन जांजगीर-चांपा द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन हाई स्कूल मैदान जांजगीर में होगा, जिसमें 32 टीमें हिस्सा लेंगी।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला संयोजक विश्वनाथ सिंह परिहार व छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह क्षत्रिय ने पत्रवार्ता लेकर बताया कि टूर्नामेंट में जिले के विभिन्न विभागों से जुड़े कर्मचारी एवं अधिकारी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों को शामिल किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51 हजार रुपये एवं ट्रॉफी, उपविजेता को 31 हजार रुपये एवं ट्रॉफी, जबकि तृतीय स्थान प्राप्त टीम को 21 हजार रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज को 3100 रुपये, मैन ऑफ द मैच तथा बेस्ट बैट्समैन व बॉलर को भी विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन चार-चार मैच होंगे। आयोजन के दौरान महिलाओं के लिए भी सद्भावना मैच का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महिलाएं शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह 1 अप्रैल को शाम 6 बजे होगा, जबकि समापन समारोह 10 अप्रैल को रात 8 बजे रखा गया है। समापन समारोह के जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, जांजगीर-चाम्पा विधायक ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला की अध्यक्ष रेखा देवा गढ़ेवाल, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं डीबी वेंचर्स चाँपा के संचालक धीरेन्द्र वाजपेयी होंगे।


पत्रकारों से चर्चा करते जानकारी देते आयोजक।

## खबर संक्षेप



### अधिवक्ता परिषद का प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

**कोरबा।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय लाभांडी रायपुर में शनिवार को अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन हुआ। उक्त अधिवेशन में कोरबा इकाई से इकाई के संरक्षक मनोज कुमार राठौर, इकाई के जिला अध्यक्ष राज कुमार अज्ञेय, इकाई के जिला मंत्री अनिष कुमार सक्सेना, सह मंत्री दिनेश कुमार सिंह तथा न्याय केंद्र प्रमुख राम वल्लभ पांडे उपस्थित हुए। उक्त अधिवेशन छत्तीसगढ़ राज्य के विधि मंत्री गजेंद्र यादव, एसीपी साइबर क्राइम दिनेश पटेल, प्राध्यापक विधि नरेंद्र करवंदे, पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री नीरज शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री धर्मेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महामंत्री विक्रम दुबे तथा प्रांत संयोजक प्रदीप सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### चाकूबाजी की घटना में तीन आरोपी गिरफ्तार



**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती में दो दिनों पूर्व डीजे में नाचने के दौरान हंगामा और चाकूबाजी की घटना सामने आयी थी जहां प्रार्थी संदीप भास्कर की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 109(3), 296, 351(3), 115(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। शुक्रवार को नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल व उनकी टीम ने चाकूबाजी की घटना में शामिल मोती सागरपारा निवासी संतोष बाबा पिता पंचराम वैष्णव, उम्र 18 वर्ष, शिव यादव पिता छोटेलाल, उम्र 20 वर्ष और पुरानी बस्ती निवासी पुरुषोत्तम सोनी उर्फ पांडू पिता जयराम, उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### चौपाटी से दो सिलेंडर ले भागे चोर, मामला दर्ज

**कोरबा।** शहर के घंटाघर स्थित गढ़कलेवा चौपाटी में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात गैस सिलेंडर चोरी की घटना सामने आयी है। जहां मामले की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामले की जांच शुरु कर दी है। चौपाटी संघ के अध्यक्ष रवि वर्मा ने बताया कि गढ़कलेवा चौपाटी में 60 से अधिक दुकानें संचालित हैं, जिनसे कई परिवारों का जीवन-यापन जुड़ा हुआ है। बताया जाता है कि रोज की तरह दो दुकान संचालक अपने दुकान में गैस सिलेंडर सहित अन्य सामानों को ताला बंद कर अपने घर गये थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर दो गैस सिलेंडर की चोरी की है। सिविल लाईन थाना प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि मामले की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच की जा रही है।

### चलती ट्रेलर में लगी आग, चालक परिचालक बचे बाल बाल



**कोरबा।** नेशनल हाईवे पर एक चलती ट्रेलर में अचानक आग लग गई। जैसे ही आग लगने की जानकारी चालक को हुई उसने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेलर से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना कटघोरा बिलासपुर हाईवे में डूमरकछार के समीप घटना हुई है। एक चलती हुई ट्रेलर में अचानक आग लग गई जैसे ही आग लगने की जानकारी चालक को मिली उसने देर नहीं करते हुए तत्काल वाहन को रोककर वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। आसपास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर तत्काल घटना स्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। फिलहाल इस घटना में किसी की को चोट नहीं आई है।

## किसान सहित आम ग्राहक भी नहीं निकाल पा रहे पैसा

# समस्या : सहकारी बैंक में डेढ़ माह से चेकबुक की बनी हुई है किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




जिले में संचालित जिला सहकारी बैंक की सभी 8 शाखाओं में बीते डेढ़ माह से चेकबुक की किल्लत होने के कारण किसानों के साथ आम ग्राहक भी परेशानियों का सामना कर रहे हैं । सभी ब्रांचों में एटीएम की सुविधा नहीं होने का खामियाजा भी ग्राहकों और किसानों को भुगतना पड़ रहा है। 8 ब्रांच वाली बैंक की दो शाखा कटघोरा और पोड़ी उपरोड़ा में ही एटीएम की सुविधा संचालित है। शेष 6 ब्रांच आज भी बिना एटीएम के चल रहे हैं।

किसानों का प्रमुख बैंक होने के कारण जिला सहकारी बैंक में जिस तरह की बैंकिंग सुविधाएं किसानों और आम ग्राहकों को बैंक प्रबंधन की ओर से मिलनी चाहिए वैसी सुविधाओं के लिए इन्हें मोहताज होना पड़ता है। धान खरीदी के दौरान किसानों को करोड़ों का भुगतान करने वाली जिला सहकारी बैंक अपना स्वयं का भवन भी नहीं बना सकी है। किराये के भरोसे चलने वाली इस बैंक में इस समय बीते डेढ़ माह से चेक बुक की किल्लत देखी जाती है। जबकि वर्तमान में राज्य सरकार के द्वारा धान खरीदी सीजन की अंतर की राशि हाल ही में बैंकों को जारी की गई किंतु इस समय ना तो किसानों के पास चेकबुक है और ना ही बैंक प्रबंधन के पास चेकबुक है। जबकि सर्वाधिक लेन देन बैंक का चेक के माध्यम से होता है। बैंक प्रबंधन के अनुसार 50 प्रतिशत ग्राहक और किसान चेकबुक का इस्तेमाल करते हैं। जिसकी वजह से उन्हें लेनदेन मे दिक्कतें आ रही हैं। बताया जाता है कि बैंक के संभागीय मुख्यालय से ही चेकबुक की आपूर्ति जिले के सहकारी बैंक प्रबंधन को नहीं किए जाने के कारण बैंक प्रबंधन सहित किसान और आम ग्राहक दोनों ही परेशान होते हैं।

### यहां संचालित हैं बैंक की शाखाएं

जिले में कोरबा मुख्य शाखा के अलावा कटघोरा, पोड़ी उपरोड़ा, पाली, हरदीबाजार, बरपाली, बालको, एनटीपीसी में शाखा संचालित हैं। इनमें बालको और एनटीपीसी की बैंक शाखा डिपॉजिट शाखा है। यहां धान खरीदी का भुगतान की सुविधा नहीं है किंतु नगरीय क्षेत्र होने के कारण इन दोनों क्षेत्रों में आम ग्राहकों की संख्या ज्यादा है। जिनमें व्यापारी और औद्योगिक संयंत्रों में काम करने वाले कर्मचारी शामिल हैं।

### करतला में नहीं खुली बैंक की शाखा

जिला सहकारी बैंक की एक शाखा करतला ब्लॉक में खोले जाने का प्रस्ताव पिछले कांग्रेस कार्यकाल के समय तैयार किया गया था और इसकी घोषणा भी की गई थी किंतु आज तक करतला जैसे बड़े ब्लाक में जिला सहकारी बैंक की शाखा शुरु नहीं हो सकी है। करतला क्षेत्र के किसानों को भुगतान के लिए बरपाली सहकारी बैंक जाना पड़ता है। जिले की सभी सहकारी बैंक की शाखाओं में सबसे अधिक भुगतान बरपाली ब्रांच से ही होता है। चेकबुक नहीं होने से सबसे बड़ी समस्या इस ब्रांच में ज्यादा हो रही है।

## उद्योग मंत्री व महापौर ने कोलमैन की प्रतिमा का किया अनावरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में सौंदर्यीकरण को नित नया आयाम दिया जा रहा है। श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने दर्री बराज पुल के समीप कोलमैन की प्रतिमा का अनावरण किया। तो वहीं सिविल लाईन में मिनी गार्डन का लोकार्पण भी किया गया। इसी प्रकार पुष्पलता उद्यान के सामने सड़क डिवाईडर प्लांटेशन जनसेवा में समर्पित हुआ।

नगर निगम द्वारा शहर की व्यवस्थाओं का सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ शहर का सौंदर्यीकरण कर इसे संजाने, संवारने की दिशा में नित नये आयाम स्थापित किये जा रहे हैं, एक ओर जहॉ शहर की स्वच्छता पर पूरा फोकस रखा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर थीम आधारित पेंटिंग, चित्रकारी, लघु उद्यानिकी थीम आधारित रोड साईड प्लांटेशन पर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में निगम द्वारा दर्री बराज पुल के समीप कोलमैन की प्रतिमा स्थापित कराई गई है, जिसका अनावरण उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं श्रीमती राजपूत के हाथों किया गया। इसी प्रकार निगम द्वारा सिविल लाईन में निगम आयुक्त के बंगले के समीप मिनी गार्डन बनाया गया है, जिसका लोकार्पण भी उद्योग मंत्री व महापौर के करकमलों से सम्पन्न हुआ। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शहर के रोड डिवाईडरों में मल्टीकलर फूलों के पौधे रोपित कर डिवाईडरों को मल्टीकलर फूलों से सजाने संवारने का कार्य भी हो रहा है, इस कड़ी में निगम द्वारा सुभाष चौक पुष्पलता उद्यान से कोसाबाड़ी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित रोड डिवाईडर में इमोजी थीम के अंडाकार गमलों में वोगनबेलिया तथा यूफारविया मल्टीकलर फूलों के पौधे लगाये गये हैं, इन्हें भी जनसेवा में समर्पित किया गया।

# ढपढप में उमड़ा आस्था का सागर, 21 हजार महिलाओं की भव्य कलश यात्रा से गूंज उठा पूरा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कलश शोभायात्रा में शामिल महिलाएं।

जिले के समीप स्थित ढपढप क्षेत्र में शुक्रवार का दिन आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया, जब दिव्य श्री हनुमंत कथा के शुभारंभ के उपलक्ष्य में करीब 21 हजार महिलाओं ने एक साथ भव्य कलश यात्रा निकालकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में बदल दिया। यह दृश्य इतना अलौकिक और मनोहारी था कि जहां तक नजर गई, वहां सिर्फ श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति की झलक दिखाई दी।

पीले वस्त्रों में सुसज्जित महिलाओं ने सिर पर पवित्र कलश धारण कर जैसे ही यात्रा प्रारंभ की, पूरा ढपढप क्षेत्र जय श्री राम, बोलो पवनपुत्र हनुमान की जय और जय बजरंगबली के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धा और अनुशासन के साथ आगे बढ़ती इस विराट यात्रा ने हर किसी के मन में भक्ति का संचार कर दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा क्षेत्र किसी दिव्य आध्यात्मिक महोत्सव का साक्षी बन गया हो। कलश यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा भर नहीं रही, बल्कि यह आस्था, नारी शक्ति, सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति के गौरव का भी भव्य प्रतीक बनकर उभरी। हजारों महिलाओं की एक साथ उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि जब समाज की मातृशक्ति धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए एकजुट होती है, तब पूरा वातावरण दिव्यता से भर उठता है। इस ऐतिहासिक यात्रा में दूर-दराज के गांवों और क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत, पुष्पवर्षा और सेवा की झलक देखने को मिली, जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई। हर चेहरा उत्साह, श्रद्धा और आनंद से दमकता नजर आया। आयोजन के दौरान सुरक्षा, यातायात और व्यवस्थाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया, जिससे इतनी विशाल संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बावजूद कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सफल रहा। आयोजन समिति, स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवकों की सजगता ने इस भव्य आयोजन को और भी अनुकरणीय बना दिया। दिव्य श्री हनुमंत कथा के शुभारंभ से पहले निकली यह कलश यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से ऐतिहासिक रही, बल्कि इसने यह भी साबित कर दिया कि कोरबा की धरती पर सनातन संस्कृति की जड़ें कितनी गहरी और मजबूत हैं। ढपढप क्षेत्र में उमड़ी यह आस्था आने वाले दिनों में होने वाली कथा को लेकर लोगों के उत्साह और श्रद्धा का जीवंत प्रमाण बन गई है।

### बागेश्वर सरकार कथा के लिए रोड मैप जारी



कोरबा-पश्चिम में बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढपढप के विशाल मैदान में बाबा बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा के लिए जिला व पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा और आवागमन की व्यवस्था के मद्देनजर पूरी तैयारी कर ली गई है। जिला पुलिस ने कथा स्थल तक आने-जाने का मार्ग से लेकर पार्किंग और प्रतिबंधित मार्ग के संबंध में रोडमैप (रूट चार्ट) जारी कर दिया है। जिसमें 6 स्थानों पर यातायात डायवर्सन प्वाईंट बनाया गया है जिसमें सुतर्रा तिराहा लखनपुर पेट्रोल पंप के पास, दीपका तिराहा, जेंजरा चौक, चक चकवा बाईपास, इमलाछापर कुसमुंडा शामिल है। जबकि वीवीआई पार्किंग ढपढप मैदान को बनाया गया है। सामान्य पार्किंग की व्यवस्था के लिए कोसाबाड़ी ढपढप, जमनीमुड़ा रोड ईंटभट्ठा, डीपी पेट्रोल पंप को बनाया गया है। जबकि भारी वाहन हेतु प्रतिबंध क्षेत्र बांकी दो नंबर, बस्ती पीपल पेड़ के पास, सिघाली खदान गेट के पास को प्रतिबंधित किया गया है।

### ट्रक चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ की मौत

**कोरबा।** मानिकपुर रेलवे फाटक के समीप में आने से बाइक सवार युवा की मौत हो गई है। मामले पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चलाक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दादर निवासी हनुमानदिन प्रजापति अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर किसी काम से सीतामणी आया हुआ था। जहां से वापस लौटने के दौरान मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर फाटक के समीप खड़ा हुआ था। फाटक खुलने पर हनुमान बाइक से जा रहा था कि इसी दौरान एक ट्रक की चपेट में आ गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय राजगीरों की मदद से हनुमान दिन को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## श्री अग्रसेन स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में विगत दिनों स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर माँ सरस्वती एवं महाराज श्री अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ पूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के वरिष्ठ सदस्य मदन लाल अग्रवाल अग्रवाल अग्रवाल सभा के सचिव गोपाल अग्रवाल, श्री अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल, सचिव त्रिलोकी नाथ बजाज विद्यालय प्राचार्य भूपेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुकेश गोयल एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मदन लाल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन द्वारा सफल छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि अगर आपके हौसले बुलंद तो आसमान को छूने की हिम्मत रखी जा सकती है। विद्यालय प्राचार्य ने अपनी शुभाशीष देते हुए कहा कि आप छात्रगण कर्मठ एवं तन्मयता के साथ लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रयास करेंगे तो कुछ भी असंभव नहीं है। आने वाले समय मंय यह विद्यालय गगनचुंबी उंचाईयों तक पहुंचाया जाएगा। श्री अग्रसेन शिक्षण समिति अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अग्निवीर भर्ती हेतु निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 1 अप्रैल तक वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 1 से 15 जून तक पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाईन परीक्षा आयोजित किया जाना संभावित है। जो आवेदक लिखित परीक्षा हेतु निःशुल्क ऑनलाईन कोचिंग प्राप्त करना चाहते हैं वे भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीयन पश्चात रोजगार विभाग के वेबसाईट पर अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण के ऑनलाईन आवेदन पर क्लिक कर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सहित आवेदन रोजगार विभाग को प्रेषित कर सकते है।

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, मलेरिया, कुष्ठ, सिकलसेल स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, एचआरपी (उच्च जोखिम गर्भवती), मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार कल्याण, एनसीडी, एनक्यूएएस, आरबीएसके, एनआरसी तथा अन्य विभागीय कार्यक्रमो, डीएमएफ के स्वीकृत कार्यो एवं आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना पर विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को समय पर जांच और उपचार की सुविधा मिले, सभी अस्पताल नियत समय पर संचालित हों तथा चिकित्सकीय स्टाफ की उपस्थिति नियमित और अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। स्वास्थ्य केंद्रों में मानव संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने एनएचएम के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही डीएमएफ से नियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सेवाओं का पूर्ण और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने जिले के दूरस्थ क्षेत्रो में लैब टेकनीशियन, फार्मासिस्ट के पदों पर भी जल्द से जल्द कर्मचारियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। टीबी मुक्त अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने संदिग्ध मरीजों की जांच और उपचार में तेजी लाने एवं लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए।

## चर्चा के बाद 13 भूविस्थापितों को तत्काल व शेष को 8 अप्रैल तक रोजगार का मिला आश्वासन

# भूविस्थापितों ने गेवरा खदान व पीएनसी कार्यालय में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




धरना प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

एसईसीएल गेवरा परियोजना के प्रभावित ग्राम नरईबोध और गेवरा क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपनी पुनर्वास, मुआवजा, बसाहट और वैकल्पिक रोजगार सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर गेवरा खदान और आउटसोर्सिंग कंपनी पीएनसी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। भूविस्थापितों के आंदोलन से पीएनसी कार्यालय में कामकाज ठप्प पड़ गया। इस दौरान परियोजना का कार्य लगभग 4 घंटे तक बाधित रहा। हालांकि चर्चा के बाद पीएनसी कंपनी में 13 भूविस्थापितों को तत्काल रोजगार मुहैया कराने व शेष भूविस्थापितों को 8 अप्रैल तक आउट सोर्सिंग के जरिए रोजगार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि आंदोलन के दौरान भूविस्थापितों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल और सीआईएसएफ के जवान मुस्तैद रहे। सूचना मिलने पर आंदोलन को समाप्त कराने के लिए तहसीलदार और एसईसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे ग्रामीणों व कंपनी प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच लंबी चर्चा हुई। बातचीत के दौरान पीएनसी कंपनी में 13 भू-विस्थापितों को तत्काल प्रभाव से रोजगार में बहाल करने का निर्णय लिया गया वहीं शेष 7 भू-विस्थापितों को उनका बी-फॉर्म और मेडिकल प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात 8 अप्रैल तक कार्य पर रखने का लिखित आश्वासन दिया गया।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर

आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टेंड डिजाईन एवं डेकोरेशन

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 98224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
(MEDICAL REIMBURSEMENTS)

## खबर संक्षेप

### टीबी मुक्त अभियान का शंखनाद ग्राम स्तर पर की जाएगी जांच

**सारंगढ़।** जिले में क्षय टीबी रोग के पूर्ण उन्मूलन और जन जागरूकता के लिए एक व्यापक मुहिम की शुरुआत की गई है। जिले भर में 100 दिवसीय टीबी कैंपेन चालू हो गया है। यह अभियान विश्व क्षय रोग दिवस से शुरू किया गया है। इसका मुख्य लक्ष्य जिले के दूरस्थ और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में छिपे हुए टीबी मरीजों की पहचान कर उन्हें उपचार के दायरे में लाना है। अभियान के तहत चिन्हांकित उच्च जोखिम वाले ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें पहुँच रही हैं, जहाँ संदिग्ध मरीजों की निःशुल्क एक्स रे जांच की जा रही है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता और मितानिनें घर-घर जाकर लोगों में टीबी के लक्षणों जैसे दो हफ्ते से ज्यादा खांसी, वजन कम होना, रात में पसीना आना, शरीर मे कही भी गठान आदि की पहचान कर रहे हैं। चिन्हित ग्रामों में ही मोबाइल यूनिट्स के माध्यम से जांच की व्यवस्था की गई है ताकि ग्रामीणों को जिला अस्पताल या दूर के केंद्रों तक न भटकना पड़े। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि इस 100 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कोई भी संभावित मरीज छूटना नहीं चाहिए। वहीं डॉ निराला ने जनता से अपील की है कि टीबी एक पूरी तरह से साध्य बीमारी है। यदि किसी को भी लंबे समय से खांसी या कमजोरी की शिकायत है, तो वे बिना डरे कैंप में आकर अपनी जांच कराएं। सही समय पर पहचान ही इस बीमारी से बचाव का सबसे कारगर तरीका है। सामाजिक प्रभाव इस अभियान से न केवल मरीजों की पहचान होगी, बल्कि समाज में टीबी को लेकर व्याप्त भ्रांतियां भी दूर होंगी। शासन द्वारा टीबी मरीजों को इलाज के दौरान पोषण आहार हेतु निक्षय पोषण योजना के तहत आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही है।
आयोजित होने वाली शिविर - निक्षय निरामय 100 दिवसीय अभियान के तहत उच्च जोखिम ग्रामों हेतु एक्सरे जांच की जाएगी, जिसमें 30 मार्च को पवनी, अप्रैल माह में 01 को गोविन्दबन बिलाईगढ़ 02 को धनसीर, 03 को सेमराडीह, 04 को सरिया, 06 को कोकबहाल, 07 को बरमकेला, 08 को बाहालीडीह, 09 को बोन्दा, 10 को लुकापारा, 11 को गोडिहारी, 13 को रेडा, 15 को गोड़म, 16 को हिर्री, 17 को झरपडीह,को कोतरी, 20 कोमहकमपुर में शिविर का आयोजन निर्धारित है।

## मुख्यमंत्री ने 27.14 करोड़ की राशि हितग्राहियों के बैंक खातों में किए अंतरित

# श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्धः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जिला मुख्यालय के वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल में आयोजित जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन में शामिल हुए और विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत राज्य के 79,340 निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिजनों को 27 करोड़ 14 लाख 97 हजार रुपए से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित किए।



कार्यक्रम में श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. राम प्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बेसरा, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, भरत सिंह, कृष्ण कुमार राय, विजय आदित्य प्रताप सिंह जूदेव, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित भारी संख्या में लाभार्थी श्रमिकगण मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उपस्थित जनसमूह को आश्वस्त करते हुए कहा कि मध्य एशिया में चल रहे युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थों के आयात में कुछ व्यवधान उत्पन्न हुआ है। तथापि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुदृढ़ विदेश नीति तथा विभिन्न देशों के साथ बेहतर समन्वय के चलते पेट्रोल, डीज़ल एवं एलपीजी गैस की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहेगी और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों के कल्याण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। श्रमिकों के हित में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा 70 से अधिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि श्रमिकों के बच्चों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए निजी विद्यालयों में प्रवेश हेतु सीटों की संख्या 100 से बढ़ाकर 200 कर दी गई है। साथ ही, अपंजीकृत श्रमिकों के कल्याण के लिए भी सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना के माध्यम से अब तक लगभग 496 करोड़ रुपये की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की जा चुकी है।
मुख्यमंत्री ने अपने केंद्रीय श्रम मंत्री के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि जब उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह जानकारी दी कि मजदूरों के भविष्य निधि में लगभग 27 हजार करोड़ रुपये की राशि अनक्लेम्ड पड़ी है, तब उनके निर्देशानुसार इस राशि का उपयोग श्रमिकों के कल्याण के लिए किया गया तथा पीएफ व्यवस्था को यूनिवर्सल बनाया गया। उन्होंने आगे बताया कि 'दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना और मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत दी जाने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये कर दिया गया है। कार्यक्रम में श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि श्रमिकों के कल्याण हेतु राज्य में 3 मंडल एवं 70 से अधिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों में कुल 52 श्रमिक सम्मेलन आयोजित करने की योजना है, जिनमें से अब तक 12 सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं।

## सीएम 240 नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर 240 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने विवाह मंडप में सभी नवदंपतियों के बीच पहुंचकर सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध दांपत्य जीवन की कामना की। समारोह में विभिन्न समाजों के जोड़ों ने एक साथ विवाह कर सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को कुल 50 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जाती है। इसमें 35 हजार रुपए की राशि चेक के माध्यम से सीधे हितग्राही को दी जाती है, जबकि लगभग 7 हजार रुपए की वैवाहिक सामग्री एवं 8 हजार रुपए आयोजन व्यय के रूप में खर्च किए जाते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने हितग्राहियों को 35 हजार रुपए का चेक राशि का वितरण कर उनके खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं



विधि विधान से विवाह सम्पन्न कराया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, विजय आदित्य सिंह जूदेव, सरगुजा कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह, वनमंडलाधिकारी शशिकुमार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा बनकर उभरी है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग प्रदान कर उनके माता-पिता के आर्थिक बोझ को कम कर रही है।

### बास्केटबॉल स्टेडियम का शुभारंभ



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर में 3 करोड़ 52 लाख की लागत से मल्टीपरपज इंडोर बास्केटबॉल स्टेडियम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने स्टेडियम में खिलाड़ियों के साथ खेल का आनंद भी लिए। मल्टीपरपज इंडोर बास्केटबॉल स्टेडियम में शतरंज कैरम, और टेबल टेनिस का भी खिलाड़ी अभ्यास करेंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत कृष्णा राय नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जुदेव जिला पंचायत अध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जुदेव जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत आदि मौजूद रहे।

### चिकित्सालय का किया अवलोकन



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निर्माणाधीन जगदेव राम उरांव कल्याण आश्रम चिकित्सालय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की तेज गति और निर्धारित मानकों के अनुरूप हो रहे निर्माण की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल के पूर्ण होने के बाद यह क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनरेखा साबित होगा और मरीजों को यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की बेहतर सेवाएं उपलब्ध होंगी। 100 बिस्तरों वाले इस अस्पताल में 15 ओपीडी, 4 आईसीयू, 4 ऑपरेशन थियेटर, फिजियोथेरेपी, पैथोलॉजी लैब, सीटी स्कैन, डायलिसिस, एक्स-रे, इमरजेंसी वार्ड, एमआरआई, ईसीजी सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### पुलिस लाइन हेलिपैड में हुआ स्वागत



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पुलिस ग्राउंड हेलीपैड जशपुर पहुंचे जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, कृष्णा राय, विजय आदित्य सिंह जुदेव, सरगुजा कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह, वनमंडलाधिकारी शशि सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्पोर्ट्स क्लाइम्बिंग वॉल इंडोर स्टेडियम का शुभारंभ



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जिला अस्पताल के पास जयस्तंभ चौक के सामने 27 लाख की लागत से स्पोर्ट्स क्लाइम्बिंग वॉल इंडोर स्टेडियम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, छत्तीसगढ़ंनियां मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जुदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शोर्य प्रताप सिंह जुदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह ,जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, डीएफओ शशि कुमार, विजय आदित्य सिंह जुदेव और आरईएस के कार्यपालन यंत्री राजेश श्रीवास्तव खिलाड़ी और कोच उपस्थित थे। जिला प्रशासन और देशदेखा स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग समूह के सहयोग से जशपुर के इच्छुक खिलाड़ियों को पहाड़ में किस प्रकार चढ़ना है उसका प्रशिक्षण दिया जाएगा।



खबर संक्षेप

## प्रदेश स्तरीय शपथ ग्रहण एवं पुरस्कार वितरण समारोह में शांता हुईं सम्मानित



**चांपा।** छग राज्य केशरवानी वैश्य सभा, प्रदेश महिला सभा एवं प्रदेश तरूण सभा का शपथग्रहण कार्यक्रम एवं अखिल भारतीय केशरवानी वैश्य महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की द्वितीय बैठक एवं प्रदेश महिला सभा के संपन्न कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम झूलेलाल मंगलम नया बस स्टैंड सब्जी मंडी के पास तिफरा बिलासपुर में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में केशरवानी महिला समिति चांपा की अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता के नेतृत्व में सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। छः गढ़ राज्य केशरवानी वैश्य महिला सभा के पुरस्कार वितरण एवं रजत जयंती समारोह में प्रदेश महिला सभा के कार्यक्रम होली महोत्सव के लिए केशरवानी महिला समिति चांपा की अध्यक्ष श्रीमती शांता महेंद्र गुप्ता को प्रतियोगिता में बेस्ट स्थान पाकर विजेता बनने के लिये पुरस्कार पशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। छः गढ़ प्रदेश स्तरीय होली मिलन कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट स्थान पाने के लिए पशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह, और दूसरा पुरस्कार प्रदेश स्तरीय सावन उत्सव हरियाली तीज उत्सव कार्यक्रम में केसरवानी महिला समिति चांपा को तृतीय स्थान प्राप्त होने के लिए अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता एवं केसरवानी महिला समिति चांपा को पशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह छग प्रदेश महिला सभा की राष्ट्रीय संरक्षक, राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती सुनीता केसरी, दमोह से व छः गढ़ प्रदेश महिला संरक्षक गण पूर्व प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती व विभा विजय केसरवानी, पूर्व महामंत्री श्रीमती आरती गुप्ता, प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती रेखा केसरवानी, महामंत्री भावना केसरी के द्वारा प्रदान किया गया।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रसारण आज

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रसारण रविवार 29 मार्च को सुबह 11 बजे रेडियो, टी.वी., दुरदर्शन, टेलीवीजन एवं अन्य चैनलों के माध्यम से प्रसारण होगा। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं नरेन्द्र मोदी के मन की बात के जिला संयोजक विवेका गोपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री अपने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यो का विषेश तौर पर उल्लेख करते है। उन्होंने कहा कि समान्य रूप से हमको जो बात की जानकारी नहीं होती वह जानकारी भी मोदी जी के मन की बात के माध्यम से मालूम हो जाती है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के समस्त मंडल अध्यक्षों, महामंत्रियों से अपने-अपने मंडल के प्रत्येक बूथों पर मन की बात सुनने की अपील की। उन्होंने सभी से मन की बात सुनने के पश्चात कार्यक्रम की फोटो मोदी एप (नमो एप) पर अपलोड करने की बात कही।

## भाजपा युवा मोर्चा सारागांव मंडल के महामंत्री बने धरमजीत सिंह

**देवरी सारागांव।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राहुल टीकरिहा, जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल के मार्गदर्शन में भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष आलोक पटेल के निर्देशानुसार एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष पुरूषोतम सूर्यवंशी के सहमति से युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संजय कुमार साहू द्वारा युवा मोर्चा की मंडल कार्यकारिणी में शामिल कर धरमजीत सिंह राठौर निवासी नगर पंचायत सारागांव को युवा मोर्चा महामंत्री बनाया गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, वह उनके सम्मान के साथ-साथ सेवा और समर्पण का अवसर है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को राष्ट्रनिर्माण की धाराओं से जोड़ते हुए संगठन की नीतियों और विचारधारा को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए निष्ठा और ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे।



## शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा के लिए विधायक ने लोकेन्द्र को नियुक्त किया प्रतिनिधि



**बिर्रा।** जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बालेश्वर साहू ने शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में लोकेन्द्र कुमार कश्यप को शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस संबंध में विधायक कार्यालय से आधिकारिक पत्र जारी कर महाविद्यालय प्रशासन को सूचित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा निवासी लोकेन्द्र कुमार कश्यप विधायक की अनुपस्थिति में महाविद्यालय की समस्त बैठकों एवं प्रशासनिक कार्यों में विधायक का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस नियुक्ति के बाद महाविद्यालय से जुड़े विकास कार्यों, छात्र-छात्राओं की समस्याओं तथा शैक्षणिक व्यवस्थाओं को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। लोगों का कहना है कि अब महाविद्यालय की समस्याएं और विकास संबंधी मांगें तेजी से शासन-प्रशासन तक पहुंच सकेंगी।

राम मिलेंगे आश्रम तेंदुआधाम में श्रीराम कथा का आयोजन, उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

# दो दिव्य आत्माओं का संगम है राम-सीता मिलन : डॉ. हरिवंश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राम मिलेंगे आश्रम तेंदुआ धाम कुरियारी में रामनवमी के अवसर पर आयोजित श्रीराम कथा में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना हुआ है। कार्यक्रम का शुभारंभ 26 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद 27 मार्च रामनवमी के दिन से विधिवत श्रीराम कथा का आरंभ हुआ।

कथा वाचन में श्री रामभद्राचार्य महाराज के कृपापात्र शिष्य अशोक हरिवंश ने अपने ओजस्वी और भावपूर्ण प्रवचन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रथम दिवस की कथा में भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। श्रीराम का जन्म केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि मर्यादा, सत्य और आदर्श जीवन का संदेश है। दूसरे दिन की कथा में जनकपुर की पुष्प वाटिका में श्रीराम और माता सीता के प्रथम मिलन प्रसंग का सुंदर और सरस वर्णन किया गया।



उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाते अशोक हरिवंश।

कथावाचक ने बताया कि यह मिलन केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो दिव्य आत्माओं का संगम था। श्रीराम के शालीन, तेजस्वी स्वरूप और माता सीता की विनम्रता एवं श्रद्धा ने इस प्रसंग को अत्यंत भावुक बना दिया। जैसे ही श्रीराम ने वाटिका में प्रवेश किया, वहां का वातावरण मानो दिव्यता से भर उठा और सीता जी के मन में प्रभु के प्रति अटूट श्रद्धा जागृत हो गई। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से पूरा आश्रम परिसर भक्तिरस में डूबा रहा। श्रीराम कथा का समापन 2 अप्रैल को होगा।

# पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है प्राकृतिक खेती : राठौर

**किसान स्कूल बहेराडीह में कृषक प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन, देश में खेती को रासायन मुक्त, टिकाऊ और लाभकारी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह मिशन न केवल किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है।

उक्त बातें इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर व कृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर के तत्वावधान में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत आयोजित 'जिला स्तरीय एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रम' को सम्बोधित करते हुये बिरगहनी च के प्रगतिशील किसान श्यामलाल राठौर ने व्यक्त किया। कृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ. केडी महंत ने कहा कि यह मिशन एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित किया जाता है, जिसका मुख्य लक्ष्य देशभर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित करते अतिथि।

कार्यक्रम को सरपंच चन्द्रकला सरवन कश्यप, कृषि वैज्ञानिक डॉ. आशीष प्रधान, समाजसेवी डॉ. सुरेश देवांगन, केंद्रीय रेशम बोर्ड, तसर अनुसंधान केंद्र, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार रामाधार देवांगन, किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव और राजकुमार साहू ने अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान जगदीश राठौर, मयाराम गज्जू बरेठ, सतीश कश्यप, शोभाराम यादव, निरंजन कश्यप, गिरवर पटेल, रामू पाण्डेय, डॉ. कैलाश बरेठ, डॉ. रामदयाल यादव, सक्रिय महिला ललिता यादव, पशु सखी पुष्पा यादव, रुखमणि पाण्डेय, लता बरेठ, पुष्पा चौहान, बबिता चौहान, ललिता वैष्णव, भुवनेश्वरी सोनवानी, श्याम बाई कंवर, दुर्गा अनंत, बचन बाई केवट, प्रतिभा राठौर, धनबाई राजन, अंजली बरेठ, अनिता चौहान, सीमा राठौर, राधा कश्यप आदि कृषि सखी व पशु सखियों के अलावा प्रगतिशील किसान हेमित बनर्जी अश्वनी यादव, किशन यादव, अजय पटेल, मंगल चंद साहू देवकुमार कश्यप, वीरेंद्र यादव, डॉ रवि प्रधान प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## विभिन्न स्थानों पर लगेगा प्लेसमेंट कैंप, सैकड़ों पदों पर होगी भर्ती

**सक्ती।** जिला सक्ती अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने की दृष्टि से जनपद, नगर पालिका एवं नगर पंचायत स्तर पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एसआईएस लिमिटेड रायगढ़ ब्रांच द्वारा जनपद पंचायत डभरा में 1 अप्रैल को, जनपद पंचायत जैजैपुर में 2 अप्रैल को, जनपद पंचायत मालखरौदा और जनपद पंचायत सक्ती में 3 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जाएंगे। वहीं एस.आई.एस. इंडिया लिमिटेड अनूपपुर द्वारा जनपद पंचायत मालखरौदा में 21 अप्रैल को, जनपद पंचायत जैजैपुर में 22 अप्रैल को, जनपद पंचायत डभरा में 23 अप्रैल को तथा जनपद पंचायत सक्ती में 24 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त शासकीय आईटीआई मालखरौदा में 25 अप्रैल, शासकीय आईटीआई जैजैपुर में 27 अप्रैल तथा शासकीय आईटीआई डभरा में 28 अप्रैल को भी प्लेसमेंट कैंप का आयोजन निर्धारित किया गया है। एस.आई.एस सिक्योरिटी सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में सुरक्षा जवान सहित अन्य 205 पदों पर भर्ती निकाली गई है। शैक्षणिक योग्यता के रूप में 10वीं पास अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# रामनवमी पर निकली शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के अवसर पर 25 मार्च को नगर में भव्य एवं दिव्य रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ श्री राम मंदिर चण्डीपारा से हुआ, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गोकुलधाम सोसाइटी पामगढ़ तक पहुंची।

**खास बात**

- श्रीराम प्रभू की मनमोहक झांकी रही विशेष आकर्षण का केंद्र

इस दौरान पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। वातावरण "जय श्री राम" के जयकारों से गुंजायमान रहा। शोभायात्रा में आनंद धूमाल दुर्ग की विशेष प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात प्रभु श्रीराम की मनमोहक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इसके अलावा डीजे, महाबली हनुमान का भव्य स्वरूप एवं गोरिल्ला प्रस्तुति ने शोभायात्रा में अलग ही आकर्षण जोड़ा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। इस भव्य आयोजन में वृद्धजन, महिलाओं, बच्चों व युवाओं सहित सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। शोभायात्रा के दौरान पूरे मार्ग भर प्रसाद का वितरण किया गया। रैली में सम्मिलित स्वयंसेवकों द्वारा चलते-चलते भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए प्रशासन का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। आयोजन समिति एवं नगरवासियों के सहयोग से यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। श्री राम जन्मोत्सव आयोजन समिति चण्डीपारा पामगढ़ ने सभी सहयोगकर्ताओं, भक्तजनों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजनों में सहभागिता की अपील की।



श्री राम प्रभू की शोभा यात्रा निकालते श्रद्धालु।

## देवकिरारी में नौ दिवसीय गायत्री साधना अनुष्ठान पूर्णाहुति के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरारी-अकलतरा

देवकिरारी में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय गायत्री साधना अनुष्ठान का समापन रामनवमी के शुभ दिन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर गायत्री प्रज्ञापीठ देवकिरारी में तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन कर पूर्णाहुति दी गई। महाशिवरात्रि से प्रारंभ होकर रामनवमी तक चले 40 दिवसीय विशेष अनुष्ठान के अंतर्गत श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से साधना कर 24 हजार गायत्री महामंत्र जप पूर्ण किया। यज्ञ के दौरान गायत्री महामंत्र की आहुतियां देते हुए सभी के सद्बुद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही महामृत्युंजय मंत्र के जाप के माध्यम से समस्त जनकल्याण एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में वंदनीय माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष एवं अखंड दीपक शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन महेश्वर कश्यप, रामप्रसाद साहू एवं रामानुज श्याम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच अशोक कुमार कश्यप, पूर्व सरपंच सत्यनारायण कश्यप, धनेश कुमार गोड़, कमल प्रसाद कश्यप, पूरन सिंह चौहान, जीतराम साहू, लालमणि साहू, सुरेश कुमार नेताम, कृष्ण कुमार सुंदरलाल कश्यप सहित अनेक गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। महिला श्रद्धालुओं में श्रीमती धन बाई वर्मा, मीना साहू, द्रोपती कश्यप सहित अन्य की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।



# बच्चों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

हसदेव पब्लिक स्कूल में मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार शर्मा के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत डांस, फैंसी ड्रेस, ड्राइंग एवं तैराकी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने आकर्षक कलाकृतियां बनाकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया, वहीं स्वीमिंग पूल में तैराकी प्रतियोगिता के दौरान बच्चों का आत्मविश्वास देखने लायक रहा। इस आयोजन में अभिभावकों की भी सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने अपने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और विद्यालय परिसर का भ्रमण कर अपने अनुभव साझा किए। समापन पर उपप्राचार्य श्रीमती कमल अंबवानी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार शर्मा, उपप्राचार्य श्रीमती कमल अंबवानी, प्रबंधक जवाहरलाल यादव, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# महामाया मंदिर में कन्या भोज व भंडारा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

चैत्र नवरात्रि के समापन दिवस एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर नगर के सिद्ध महामाया मंदिर में कन्या भोजन एवं भंडारा प्रसाद का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा।

- 15 सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

रामनवमी के इस पावन अवसर पर आयोजित भंडारा प्रसाद वितरण ने सेवा, समर्पण और सामाजिक सद्भाव का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। मॉर्निंग वॉक कमेटी के सदस्य विकास केडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि रामनवमी के अवसर पर महामाया मंदिर में प्रतिवर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है, जो वर्षों से एक परंपरा के रूप में निरंतर जारी है। इस वर्ष भी लगभग 1500 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रसाद वितरण में स्वयंसेवी श्रद्धालुओं एवं राजेंद्र कुमार सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल के एनएसएस के बच्चों ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, मंजू सिंह, अनिल सिंह सिसोदिया, नंद चौधरी, रविंद्र साहू, दीपक बगड़िया, विजय केडिया, नरेश केडिया, रतन अग्रवाल, जुगल लिखमानिया, राजू शर्मा, नवल केडिया, रविंद्र सिंह बैस, विष्णु भोजासिया, मदन सिंह बैस, भोजराज शर्मा, विजय सिंघानिया, गगन सिंघानिया, दीपक सिंघानिया, प्रभात बगड़िया, चंदन शर्मा,अमित शर्मा, आर.के. पांडे, आर.के. विश्वकर्मा, सुशील गुप्ता, राजेश अग्रवाल, भोलू अग्रवाल, गब्बर केडिया, अजय खंडेलिया सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित छग खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह सहित नागरिकगण व श्रद्धालु।

# शोभा यात्रा निकालकर किया गया जवारा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

समीपस्थ ग्राम भिलाई में धिकुड़िया तालाब के पार में विराजी मां मौली दाई मंदिर में बासंती चैत्र नवरात्रि पर्व पर नवमी तिथि को जवारा विसर्जन किया गया।

मंदिर के बैगा नरेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि गांव में जवारा विसजर्न के पूर्व भव्य यात्रा निकाली गई। इसके बाद बस्तीपारा घाट में विसर्जित किया गया। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना की गई।गौरतलब है कि ग्राम भिलाई की ग्राम देवी मां मौली दाई में बासंती चैत्र नवरात्र में नौ दिनों तक जवा बोआ गया। साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराया। नवमीं के दिन जसगीत मादर के थाप में बैगीनो ने सिर में जवारा कलश व पाठ-पीढ़ा लेकर शोभा यात्रा निकालते हुए जावरा विसर्जन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के लोट लेने वालों की लम्बी कतार थी।

- जगह-जगह ग्रामीणों ने की पूजा-अर्चना

लोट के पीछे गाजे बाजे के साथ जसगीत पार्टी की टीम झुमते नाचते चल रहे थी। उसके पीछे सोलह श्रृंगार किये महिलाएं ज्वारा कलश लिये चल रहें थे। ज्वरा कलश विसर्जन देखने सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सड़क के दोनों ओर इकठ्ठा हुए थे। ऐसी मान्यता है कि मां मौली दाई की जो भक्त विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ज्वारा विसर्जन में शामिल होते है उनकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है।



ज्वारा विसर्जन करने जाती महिलाएं।




